मोटर चालकों के लिए सुरक्षा टिप्स

अधिक जानने के लिए देखें: Cupertino.org/saferoutes या अपनी 'सेफ़ रूट्स 2 स्कूल' की सामुदायिक कोऑर्डिनेटर चेलसी से **saferoutes@cupertino.org** पर संपर्क करें.

सुरक्षित रहने के लिए टिप्स

1. दोनों तरफ़ के मिरर में देखें कि कोई साइकिल-चालक तो नहीं आ रहा
2. आराम से चलें और अपनी गति कम करें; जल्दी की कोई भी वजह इतनी बड़ी नहीं की उसके लिए आप चोट खाएँ या मृत्यु को गले लगाएँ
3. एलीमेंटरी स्कूल के बच्चों के आस-पास और भी धीरे ड्राइव करें; वे मनमौजी होते हैं!
4. किसी क्रॉसवॉक को पार करने से पहले पैदल चलने वालों की निगाह खींचें.
5. सवारियों को कर्ब-साइड से उतारें, और केवल आधिकारिक 'ड्रॉप-ऑफ पॉइंट्स' पर ही—ट्रैफ़िक के बीच में नहीं.
6. बाइसिकल-सवारों के पास पहुँचने पर हॉर्न ना बजाएँ!
7. अपने दाहिने चल रहे साइकिल सवार को पार करने के बाद लेन में पुनः जाने से पहले मुड़ कर देखें और सुनिश्चित कर लें कि आपने पर्याप्त दूरी बना ली है
8. सूर्य की चौंध से बचने के लिए धूप के चश्मे या वाइज़र या प्रयोग करें
9. ख़राब मौसम में साइकिल-चालकों को अतिरिक्त जगह दें
10. यू-टर्न लेने या अन्य ऐसे असुरक्षित पैंतरों से बचें जो दूसरों को ख़तरे में डाल सकते हैं

यातायात के नियम

1. ड्राइव करते समय हैंड्स-फ्री ब्लूटुथ डिवाइस के अतिरिक्त सेल फ़ोन का किसी भी प्रकार से प्रयोग निषिद्ध है (टेक्स्ट ना करें!)
2. ड्राइव करते समय केवल 1 इयर बड की अनुमति है
3. अपनी गाड़ी के दाहिने किनारे और किसी साइकिल-चालक के बीच कम-से-कम तीन फ़ीट की दूरी रखें
4. अपनी कार का दरवाज़ा खोलने से पहले देख लें कि कोई बाइसिकल-चालक तो नहीं आ रहा, भले ही वहाँ कोई बाइसिकल लेन ना हो
5. जब सड़क इतनी सँकरी हो कि गाड़ी और बाइक सुरक्षित रूप से अगल-बगल न चल सकें तो साइकिल-चालकों को क़ानूनी तौर पर लेन का अधिकार है और वे बीच में चल सकते हैं
6. चौराहों पर सामने से आते हुए साइकिल-चालकों को रास्ता दें, जैसे आप सामने से आते मोटर-चालकों को देंगे
7. क्रॉसवॉक पर चलने का पहला अधिकार पैदल चलने वालों को है; किसी क्रॉसवॉक को पार करने के लिए तब तक ना बढ़ें जब तक पैदल चलने वाले सफलतापूर्वक पार ना पहुँच जाएँ

ट्रैफ़िक से बचाव के लिए टिप्स

1. स्कूल के आस-पास ट्रैफ़िक से बचने के लिए किसी वैकल्पिक ड्रॉप-ऑफ पॉइंट का प्रयोग करें
2. कारपूल करें ☺
3. पैदल या बाइक से जाएँ ☺

और जानना चाहते हैं? Cupertino.org/saferoutes देखें, या अपनी 'सेफ़ रूट्स २ स्कूल' सामुदायिक कोऑर्डिनेटर चेलसी से chelseab@cupertino.org पर संपर्क करें.